कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-02.04.2025

विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अरविन्द उर्फ लालू थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0025/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अरविन्द उर्फ लालू पुत्र गौरी शंकर निवासी मडिया जलीलपुर कुष्ठ सेवा आश्रम जिला चन्दौली को आज दिनांक-02.04.2025 को समय करीब 08.05 बजे सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर वाराणसी से गिरफ्तार करते हुए मुकदमा उपरोक्त से संबंधित पीड़िता/अपहृता की बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-09.01.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी अवयस्क पुत्री जो कक्षा-10 में अध्यनरत थी दिनांक-08/01/025 को जब शाम तक स्कूल से वापस घर नहीं आयी काफी खोजबीन की गयी तो ज्ञात हुआ कि एक लड़का अक्सर उनकी पुत्री को डराता-धमकाता व बहकाता-फुसलाता था तथा वही लड़का जबरदस्ती उसे डरा धमकाकर बाईक पर बैठाकर जबरदस्ती परिवार की हत्या की बात करके अपने साथ कहीं ले गया है, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर वाराणसी में मु0अ0सं0 0025/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना म0उ0नि0 पूजा गुप्ता द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अरविन्द उर्फ लालू पुत्र गौरी शंकर निवासी मडिया जलीलपुर कुष्ठ सेवा आश्रम जिला चन्दौली, उम्र करीब 27 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान-

सुंगुलपुर अण्डर पास थाना चौबेपुर वाराणसी से, दिनांक-02.04.2025 को समय करीब 08.05 बजे।

बरामदगी का विवरण- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र करीब 17 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-0025/2025 धारा 137(2),87 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
2. म0उ0नि0 पूजा गुप्ता थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 अनुराग कुमार तिवारी थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी